Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector – 21, Noida
Phone : 0120-2534064, 2538533 / E-mail : bbpsnd@yahoo.co.in
Website : http://bbpsnoida.balbharati.org

अतिथि देवो भव

बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा ने 18 नवंबर 2018 को अपना 20वाँ वार्षिकोत्सव प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर के मार्गदर्शन में बड़ी धूमधाम से मनाया। इस सुअवसर पर श्री अनुराग त्रिपाठी, आई0आर0पी0एस0, सचिव-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, माननीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

अभिनय तथा नृत्य का अनूठा संगम

उनके अतिरिक्त मूलचंद मैडसिटी के वरिष्ठ सलाहकार मनोचिकित्सक डॉ0 जितेंद्र नागपाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में आसन ग्रहण किया तथा विद्यालय की चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी के गणमान्य सदस्यों ने भी पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी सम्मानित आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के ऑर्केस्ट्रा द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम 'कोहरेंस 'से किया गया। विभिन्न वाद्य यंत्रों द्वारा की सुर-लहरी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भव्य प्रस्तुति

कार्यक्रम की गरिमा तथा भव्यता को आगे बढ़ाते हुए दीप-प्रज्ज्वलन किया गया। देवी दुर्गा तथा काली के विभिन्न नृत्य-रूपों को प्रदर्शित करते हुए 'अनाहत '- इनवोकेशन नृत्य ने दर्शकों को अपने जादुई प्रभाव से चमत्कृत कर दिया।

वाह! नन्हे कलाकार

राजा विक्रमादित्य तथा बेताल की एक कहानी 'आँख का अंधा नाम नैनसुख' का नाट्य रूपांतरपूर्व-प्राथमिक विभाग की प्रस्तुति थी, जो बचपन की मासूमियत और निडरता की सच्ची अभिव्यक्ति थी।नन्हे-नन्हे बाल-कलाकारों ने नाच-थिरक कर दर्शकों का मन मोह लिया।

विद्यालय के गायक-गायिकाओं ने मनमोहक ध्वनि में मानवीय मूल्यों की महत्ता को प्रसारित करते हुए सुर, लय तथा ताल के अनूठे संयोजन द्वारा 'ज्वॉय टू द वर्ल्ड ' की प्रस्तुति के माध्यम से दुनिया को स्वच्छ तथा शांतिपूर्ण निवास-स्थान में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर ने संपूर्ण सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।पारितोषिक वितरण समारोह के अंतर्गत छात्रों को शैक्षिक तथा पाठ्येतर गतिविधियों के लिए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

विद्यालय के उच्चतर माध्यमिक विभाग ने मानव-जीवन में रसों की महत्ता को संगीतमय प्रस्तुति द्वारा 'नवरस' नामक नृत्यनाटिका के माध्यम से अभिव्यक्त किया, जिसे दर्शकगण लंबे समय तक विस्मृत नहीं कर सकेंगे। छात्रों के अभिनय तथा नृत्य कौशल की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

अंत में, सार-रूप में कहा जा सकता है कि अपने 20वे वार्षिकोत्सव पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी कला-प्रतिभा व क्षमता को प्रमाणित करके उत्कृष्टता के शिखर को छू लिया।

अगले वर्ष इसी तरह शानदार तथा भव्य प्रस्तुति के साथ यह यात्रा जारी रहेगी।